पंजाब केसरी 25/08/2025

# 'मार्कीटिंग और फाइनैंस मैनेजमैंट' विषय पर हुई कार्यशाला



ज़ी.एम.एन. कॉलेज में 'मार्कीटिंग और फाइनैंस मैनेजमैंट' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। (बलमोहन)

अम्बाला, 23 अगस्त (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा 'मार्कीटिंग और फाइनैंस मैनेजमैंट' विषय पर भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला ने छात्रों को न सिर्फ नई ऊर्जा दी, बल्कि उन्हें व्यापार और वित्त से जुड़े कठिन विषयों को समझने का मौका भी दिया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता वित्तीय रणनीतियों के जानकार प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. वकील सिंह ने आधुनिक मार्कीटिंग, फाइनैंस मैनेजमैंट और बदलते वैश्विक आर्थिक हालात पर सरल एवं गहरी जानकारी दी। अपने अनुभव और व्यावहारिक सोच से उन्होंने छात्रों को व्यापार प्रबंधन के कई पहलुओं को ऐसे समझाया कि वे न केवल प्रभावित हुए, बल्कि विषय में नई रुचि भी पैदा हुई।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज हमेशा छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में सिर्फ किताबों का ज्ञान काफी नहीं है।

छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी समझ और वैश्विक दृष्टिकोण भी चाहिए। इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सही निर्णय लेने की योग्यता और आत्मविश्वास बढ़ाती हैं।

वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. राममूर्ति ने कहा कि हमारा मकसद छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखना है। उन्हें विश्वास है कि डा. वकील सिंह जैसे अनुभवी व्यक्तियों से सीखकर छात्र भविष्य में व्यापार और वित्त के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे।